आई पूनम की रात बड़े भागने से

आई पूनम की रात बडे़ भागन से,
आज होगी मुलाकात मेरी साजन से
आई पूनम....
1. फिर से बाजेगी उनकी मुरलिया,
छम छम छनकेगी पाँव में पायलिया
होगी मधुर मधुर बात बडे़ भागन से,
आज होगी मुलाकात मेरी साजन से
आई पूनम....
2. आई मिलन की स्वर्णिम बेला,
अजर अमर मेरा पिया अलबेला
मिली प्रेम की सौगात बडे़ भागन से,
आज होगी मुलाकात मेरी साजन से
आई पूनम....
3. मोतियन मांग सजाऊंगी सजनी,
आई आई रे सखी शरद की रजनी
तांन बसीं बजात बडे़ भागन से,
आज होगी मुलाकात मेरी साजन से
आई पूनम....
4. महका मधुबन खिल गई कलियाँ,
सज गई चित्र विचित्र सब अलियाँ
आज पकडे़गें हाथ बडे़ भागन से,
आज होगी मुलाकात मेरी साजन से
आई पुनम की रात बडे़ भागन से,
आज होगी मुलाकात मेरी साजन से
आई पूनम....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33993/title/aai-punam-ki-rat-bade-bhagan-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |